# आकाशवाणी भोपाल

## दोपहर समाचार

दिनांक 25.01.2025 समय: 2.10 PM

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

देशभर में आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल हुई। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– ''नथिंग लाइव वोटिंग, आई वोट फोर श्योर'' समारोह के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु ने सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रक्रिया पुरस्कार प्रदान किये। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस न केवल निर्वाचन आयोग के गठन दिवस मनाने का उत्सव है, बल्कि लोकतंत्र की भावना को सम्मान देने का भी अवसर है। वहीं, प्रदेश के सभी 65 हजार 14 मतदान केंद्रों पर आज 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने चुनाव में उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों–कर्मचारियों को सम्मानित किया। प्रदेश के सभी 55 जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों और अधिकारियों–कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। नर्मदापुरम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता दिवस की शपथ ली गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आगरमालवा में आज निर्वाचन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। बालाघाट में भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।

राष्ट्रपति – राष्ट्र संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के सन्देश के प्रसारण के

कारण आज शाम प्रसारित होने वाले प्रादेशिक समाचार सात बजकर दस मिनट के स्थान पर छः बजकर पचास मिनट से प्रसारित होंगे।

गणतंत्र अतिथि

राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान देने वालों विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को नई दिल्ली में कल गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने वाले खेल प्रशिक्षक आशीष को भी परेड के लिए आंमत्रित किया गया है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया है।

**एमपी फार्म गेट"**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि "एमपी फार्म गेट" मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल ऐप है। यह किसानों को अपनी फसलों की बिक्री एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को आसानी से बेच सकते हैं। श्री कंषाना ने कहा है कि यह ऐप किसानों को उपज बेचने में सुरक्षित लेन–देन की सुविधा प्रदान करता है।

**कपड़ा मंथन सम्मेलन**

नई दिल्ली में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह 28 जनवरी को हथकरघा सम्मेलन 'मंथन' का उद्‌घाटन करेंगे। सम्मेलन के दौरान श्री सिंह हथकरघा बुनकरों के ई–पहचान पोर्टल और हथकरघा पुरस्कार ऑनलाइन मॉड्यूल का भी शुभारंभ करेंगे।

## समाचार संक्षेप में...

- 1. शिवपुरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां का आयोजन किया जा रहा है।
- मुरैना में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिये स्कूल, कॉलेजों में कैम्प लगाकर

छात्र–छात्राओं को मोटरयान नियमों से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जा रहा है।

- मध्य प्रदेश में सिविल जज भर्ती 2022 में आरक्षण नियमों का पालन नहीं होने पर हाईकोर्ट ने पूरी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी।
- कटनी में प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले रेल यात्रियों के लिए खास तैयारी की गई है। यहां रेल्वे द्वारा महाकुंभ मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है।

-----------------------